तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 8 जनवरी 2026



धान खरीदी में प्रशासनिक आदेशों का उल्लंघन, मिलरों में ... 12



ग्राम खपरी में क्रिकेट स्पर्धा और एनएसएस सात दिवसीय... 11






# सड़क बनी पर, मुआवजा अटका, 24 किसान तीन साल से भटक रहे दर-दर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

लोक निर्माण विभाग जामगांव आर पाटन अधीनस्थ बटरेल, धमना, नवागांव सड़क निर्माण के दौरान 24 किसानों का खेत सड़क निर्माण में निकल गई। जिसका विभागीय आंकलन राशि 1 करोड़ रु से अधिक मुआवजा अभी तक नहीं मिला है।

1 करोड़ रुपए से अधिक का मुआवजा राशि अधिकारी और सरकार के कागजी भंवरजाल में फंसी हुई है, राशि तो मिली नही 3 साल से मिल रहा है तो केवल आश्वासन। प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 मार्च 2023 को 1 करोड़ 17 लाख रुपए मुआवजा राशि स्वीकृत होने की जानकारी किसानों को मिली, तीन किसानों को मुआवजा राशि कम लगी फिर नाप जोख चली और अब यह राशि 1 करोड़ 7 लाख रुपए मुआवजा राशि का आंकलन किसानों के सामने 1 सितंबर 2025 को सामने आया। किसान अधिकारियों का इतना अधिक चक्कर लगा चुके है कि कम राशि आंकलन को मानना ही थके हारे किसान उचित समझने लगे। लेकिन अधिकारियों का चक्कर आज पर्यंत भी जारी है। लोक निर्माण एसडीओ पाटन से किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल मिला और मुआवजा की दर्द भरी दास्ता सुनाए और त्वरित मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग रखे। फिर आश्वासन का कड़वी घुट पीकर घर लौटे किसान। कलेक्टर भू अर्जन

▶▶ शेष पेज 10 पर

## बटरेल-धमना-नवागांव सड़क निर्माण में ली गई जमीन, 1 करोड़ से अधिक की राशि अब भी लंबित

### सिर्फ आश्वासन मिला

अपने खेत की जमीन पर बनी चमचमाती सड़क पर खड़े होकर किसान मुआवजा पाने दर दर भटक अपने किस्मत को कोसने लगे है। किसानों ने कहा कि रोड तो अच्छी बन गई लेकिन मुआवजा मिलने में देरी होने से हमारी आर्थिक व्यवस्था बिगड़ने लगी है। किसानों ने बताया कि लोकनिर्माण विभाग, एसडीएम, कलेक्टर सभी को अपनी दर्द सुना चुके है। सभी से आश्वासन का मीठा घुट पीकर घर लौट जाते है।




### मुआवजा मिलेगा

एसडीएम लव कुश ध्रुव ने बताया कि एसडीएम कार्यालय में संबंधित कोई भी प्रकरण पेंडिंग नहीं है, उच्च स्तर पर प्रेषित किए जा चुके है। लोक निर्माण एसडीओ सोनल धालेंद्र ने किसानों से कहा कि शासन में फाइल पहुंच चुकी है। अंतिम दौर में प्रक्रिया है पूर्ण होते ही शीघ्र मुआवजा मिल जाएगा।

## खबर संक्षेप

### टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया



**बालोद।** संस्कार इलेवन क्रिकेट क्लब बालोद द्वारा आयोजित टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन 07 जनवरी को किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, भारतीय जनता युवा मोर्चा बालोद सौरभ जैन, शैलेंद्र, दुर्जन ठाकुर, अभिषेक योगी एवं संस्कार 11 क्रिकेट क्लब के सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

### एनईपी सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षा की शुरुआत 8 से

**डौंडीलोहारा।** शास. एकलव्य महावि. डौण्डी लोहारा जिला बालोद के बी.ए./ बी.एससी./ बी.कॉम- प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के समस्त नियमित/ अमहाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं की एनईपी स्नातक सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षा 8 जनवरी से प्रारम्भ हो रही है। छात्र-छात्रायें प्रायोगिक विषय के सहायक प्राध्यापकों के सतत सम्पर्क में रहे। नियमित एवं अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थी परीक्षा प्रारम्भ होने के 30 मिनट पूर्व प्रायोगिक फाइल एवं आवष्यक सामग्री के साथ विषय से संबंधित विभाग में उपस्थित होवे। अनुपस्थित होने की स्थिति में परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार होगें। विश्वविद्यालय के आदेशानुसार अनुपस्थित परीक्षार्थियों हेतु अलग से परीक्षा आयोजित नहीं होगी। और न ही अन्य परीक्षा केन्द्र में बैठने की अनुमति होगी।

### परसदा में 10 जनवरी से द्वि-दिवसीय श्रीरामचरित मानस गान सम्मेलन

**अंडा।** ग्राम परसदा (डंगनिया), विकासखंड गुण्डरदेही, जिला बालोद में 10 एवं 11 जनवरी को द्वि-दिवसीय श्री रामचरित मानस गान सम्मेलन का पावन एवं भव्य आयोजन सुनिश्चित किया गया है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर ग्रामवासियों एवं श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। इस पावन यज्ञ का उद्देश्य श्रीराम के आदर्शों, भक्ति, मर्यादा और मानव मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना है। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया गया है। उद्घाटन समारोह 10 जनवरी कार्यक्रम की शुरुआत देवपूजन एवं मानस वंदना के साथ होगी। मुख्य अतिथि कांति सोनेश्वरी अध्यक्षता कुलदीप साहू विशेष अतिथि गुलशन हिरवानी कौशल किशोर साहू , सत्यवती साहू। समापन समारोह में मुख्य अतिथि तारणी चंद्राकर अध्यक्षता पुरुषोत्तम चंद्राकर ,विशेष अतिथि पुष्पेन्द्र चंद्राकर कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रज्ञा मित्र मंडल एवं समस्त

▶▶ शेष पेज 10 पर

## आयोजन : प्रदर्शनी, लोकल मार्केट और ऐरिना सहित सभी स्थल का जायजा

# संभागायुक्त और पुलिस महानिरीक्षक ने रोवर रेंजर जम्बूरी की तैयारियों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर एवं पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग ने आज जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम दुधली पहुंचकर वहां 09 से 13 जनवरी तक आयोजित प्रथम रोवर रेंजर जंबूरी के आयोजन के तैयारियों का जायजा लिया।

- महिला एवं बालिकाओं के निवास स्थल की सुरक्षा पुख्ता की गई

इस दौरान संभागायुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक ने जंबूरी स्थल में प्रवेश द्वार से लेकर विभिन्न विभागों द्वारा विकास कार्यों पर आधारित लगाए जाने वाले प्रदर्शनी स्थल, लोकल मार्केट स्थल, मुख्य समारोह स्थल (ऐरिना), ग्रीन रूम, युवा संसद तथा युवा संवाद एवं करियर काउंसलिंग हेतु निर्धारित स्थल का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने जंबूरी स्थल के समीप स्थित दुधली जलाशय में वाटर स्पोर्ट्स हेतु निर्धारित स्थल का भी अवलोकन किया।



संभागायुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक ने मुख्य समारोह स्थल ऐरिना में मंचीय व्यवस्था के अलावा जंबूरी में शामिल होने वाले रोवर एवं रेंजर के द्वारा की जाने वाली विभिन्न गतिविधियां एवं कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य जनों, आम नागरिकों, मीडिया कर्मियों आदि की बैठक व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालोद को कार्यक्रम स्थल की नियमित साफ–सफाई के अलावा शौचालय एवं स्नानागारों की भी साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए।

संभागायुक्त ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को कार्यक्रम स्थल में पेयजल एवं निस्तारी हेतु पानी की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने के अलावा पर्याप्त मात्र में आरओ भी लगाने के निर्देश दिए। इस मौके पर अधिकारियों ने ग्रीन रूम में पहुंचकर वहां बनाए गए वीवीआईपी कक्ष आदि सभी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान अधिकारियों ने जंबूरी में आने वाले लोगों के लिए पास आदि की व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर मिश्रा ने एसडीएम शिवनाथ बघेल को जंबूरी के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर पास आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक ने जंबूरी स्थल की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते हुए इसके लिए पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं बालिकाओं के निवास हेतु निर्धारित स्थल में सुरक्षा की चाक–चौबंद व्यवस्था करने तथा इन स्थानों पर किसी भी स्थिति में पुरूषों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने नशापान करने वालों को किसी भी स्थिति में जंबूरी स्थल में प्रवेश नही देने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिकारियों ने राज्यपाल, केन्द्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री आदि विशिष्ट व्यक्तियों के आगमन के तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान संभागायुक्त ने ग्राम दुधली के शासकीय स्कूल में हेलिपेड निर्माण हेतु निर्धारित स्थल का भी अवलोकन किया।

## राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जम्बूरी में देश के 4200 रोवर रेंजर और श्रीलंका के प्रतिभागी करेंगे भागीदारी

**बालोद।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स नई दिल्ली के तत्वावधान में 9 से 13 जनवरी 2026 तक ग्राम दूधली जिला बालोद (छग) में भारतवर्ष के इतिहास में प्रथम राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जम्बूरी का आयोजन हो रहा है। भारत में सिर्फ स्काउट गाइड जंबूरी का आयोजन होता आ रहा है।

- राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जम्बूरी, देशभर के प्रतिभागी जुटे
- राजस्थान, हरियाणा और बिहार समेत कई राज्यों की टीमें पहुंचीं
- बालोद के दूधली में देश–विदेश से जुटेंगे हजारों प्रतिभागी, तैयारियां पूरी

जम्बूरी के लिए छत्तीसगढ़ राज्य से करीब 4200 रोवर रेंजर पहुंच चुके हैं। ग्राम दूधली में प्रथम बार राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी का आयोजन हो रहा है। इतने बड़े आयोजन की मेजबानी छत्तीसगढ़ राज्य को मिलना न सिर्फ बड़ी उपलब्धि है बल्कि गौरव की बात है। इसको लेकर आज राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने एक प्रेस वार्ता लेकर सभी अटकलों पर विराम लगा दिया गया है। भारत स्काउट्स गाइड्स छग के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने प्रेस वार्ता में कहा कि आगामी 9 से 13 जनवरी तक प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का आयोजन होगा। जिसकी तैयारी लगभग पूर्ण कर ली गई है। पत्रकारों द्वारा पूछे गए स्थगन संबंधी खबर को उन्होंने भ्रामक बताते

▶▶ शेष पेज 10 पर

## जम्बूरी आयोजन में भ्रष्टाचार का आरोप स्वतंत्र जांच की मांग : विधायक अनिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा/डौंडीलोहारा

रोवर-रेंजर जम्बूरी आयोजन में कथित घोटाले को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार एक बार फिर विपक्ष के निशाने पर आ गई है। पूर्व मंत्री और विधायक अनिला भेंडिया ने मुख्यमंत्री की चुप्पी और सोशल मीडिया से ट्वीट डिलीट किए जाने को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार का तथा कथित सुशासन अब खुद अपने ही फैसलों से बेनकाब हो रहा है।



- ट्वीट डिलीट करना डर की निशानी : विधायक

डर की निशानी है ट्वीट डिलीट करना अनिला भेंडिया ने कहा कि जम्बूरी की मेजबानी मिलने पर मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर गर्व जताया था, लेकिन जैसे ही भ्रष्टाचार के सवाल उठे, वही ट्वीट अचानक गायब कर दिया गया। उन्होंने सवाल किया कि अगर आयोजन पूरी तरह पारदर्शी था, तो पोस्ट हटाने की जरूरत क्यों पड़ी? ट्वीट डिलीट करना इस बात का संकेत है कि सरकार के हाथ साफ़ नहीं हैं और सच्चाई सामने आने का डर है। टेंडर से पहले मैदान में पंडाल, बिना आदेश करोड़ों का काम, विधायक ने आरोप लगाया कि जम्बूरी आयोजन में नियमों को ताक पर रखकर काम किया गया। उन्होंने कहा जब टेंडर प्रक्रिया पूरी ही नहीं हुई थी, तो मैदान में पंडाल कैसे खड़े हो गए? बिना वर्क ऑर्डर के एक किराया भंडार वाले को करोड़ों का काम कैसे सौंप दिया गया? उन्होंने इसे साधारण लापरवाही नहीं बल्कि संगठित भ्रष्टाचार बताया और कहा कि कागजों में पारदर्शिता की बातें करने वाली सरकार जमीन पर नियमों को रौंद रही है। अनिला भेंडिया ने तंज कसते हुए कहा कि पोस्ट हटाने से सच्चाई नहीं बदलती। जनता सब देख रही है और भ्रष्टाचार से जुड़े सवाल किसी डिलीट बटन से खत्म नहीं होंगे।

### सरकार से उठाई तीन बड़ी मांगें

इस पूरे मामले में विधायक ने सरकार से स्पष्ट जवाब और ठोस कार्रवाई की मांग की है जम्बूरी आयोजन की स्वतंत्र और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। बिना टेंडर और बिना वर्क ऑर्डर किए गए कार्यों पर

▶▶ शेष पेज 10 पर

# तांदुला जलाशय पाइप-लाइन विस्तार में सुरक्षा ताक पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

तांदुला जलाशय से ग्राम चिटौद तक बिछाई जा रही पाइप लाइन कार्य में ठेकेदार की लापरवाही से राहगीरों की राह खतरों से घिर गई है। ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से मुख्य मार्ग को खुदाई की जा रही है। मार्ग की खुदाई के पुर्व विभाग द्वारा कोई पुर्व सूचना नही दी जा रही है और न ही काई सूचना बोर्ड लगाया जा रहा है।

- सड़क काटने से मार्ग बाधित रात के समय और सुरक्षा की अनदेखी


मंगलवार को ठेकेदार के लोगों ने बोहारडीह से कंवर मुख्य मार्ग में दो जगह सड़क को पूरी तरह काट कर अवरुद्ध कर दिया। सड़क काटने के पूर्व कोई सूचना नहीं दी गई, सड़क काटने के पहले डायवर्सन रोड नहीं बनाया गया, जिससे मंगलवार को पूरा दिन मार्ग बाधित रहा। छोटे वाहन तो सड़क किनारे से खतरा उठाकर सड़क पार कर रहे थे लेकिन बड़े वाहनों को घंटा इंतजार करना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि रात्रि मे भी कोई संकेतक नही लगाया गया एवं मार्ग अवरुद्ध करने लगाए गए लकड़ी के गोलों व पत्थरों को भी ठेकेदार के लोगो द्वारा नही हटाया गया जिससे रात के अंधेरे मे ग्रामीणों व राहगीरों के लिए खतरा देखकर ग्रामीणों ने उसे हटाया।



आरोप है कि ठेकेदार के लोगों ने सड़क काटने के पूर्व विभाग से कोई अनुमति भी नहीं ली। हालांकि उनका दावा है की अनुमति ली थी, लेकिन ठेकेदार के लोग को अनुमति पत्र दिखाने कहा गया तो वे अनुमति पत्र नहीं दिखा सके। कार्य की निगरानी कर रहे ठेकेदार के सुपरवाइजर डाकेश्वर प्रसाद साहू ने कहा हमने सड़क काटने के पूर्व संबंधित विभाग से अनुमति ली है।

## ग्राम हीरापुर में मड़ई मेला आज

**बालोद।** ग्राम हीरापुर में मड़ाई मेला का आयोजन आज 8 जनवरी को किया गया है, 9 जनवरी को एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। ग्राम हीरापुर में गुरुवार 8 जनवरी को मड़ाई मेला का आयोजन रखा गया है। वही रात्रि में छाया चन्द्राकर, विजय चन्द्राकर लोकछाया का कार्यक्रम प्रायमरी स्कूल मड़ाई स्थल पर रखा गया है। दूसरे दिवस 9 जनवरी को एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमे प्रथम पुरस्कार 6000 रूपये, द्वतीय पुरस्कार 4000 रूपये, तृतीय पुरस्कार 3000 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 2000 रूपये एवं सभी विजेताओ को विनर शील्ड प्रदान किया जाएगा। जिसकी जानकारी पुष्कर साहू एंव करण निषाद ने दी।



## जिला पंचायत सीईओ ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

# जन जागरण अभियान के तहत चावल उत्सव रोजगार और आवास दिवस का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

जनपद पंचायत गुरूर, अंतर्गत ग्राम जेवरतला में वीबी जी राम जी जन जागरण अभियान के अंतर्गत चावल उत्सव, रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वीबी जी राम जी योजना के राज्य संयोजक एवं सहप्रदेश महामंत्री भाजपा यशवंत जैन के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

- आयोजन में शासन की योजनाओं से रूबरू हुए ग्रामीण






कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा बालोद अध्यक्ष चेमन देशमुख ने किया। विशेष अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी अशोक साहू, तेजराम साहू ,जनपद पंचायत सदस्य डॉ. हरिकृष्ण नरेश मदन साहू, संध्या अजेन्द्र साहू, झनेन्द्र साहू, सरपंच जेवरतला लीलेश्वरी, भोथली सरपंच चुन्नू महेन्द्र साहू, मोहरा सरपंच तेश्वरी नेताम के साथ अन्य ग्राम पंचायत के सरपंच एवं जनप्रतिनिधि थे।

इस अवसर पर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक सीधे पहुंचाने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास लाभार्थियों की सूची का सार्वजनिक वाचन किया गया, साथ ही पूर्ण हो चुके आवासों के हितग्राहियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। रोजगार दिवस के अंतर्गत मनरेगा से संबंधित जानकारी दी गई, जिसमें मजदूरी भुगतान की स्थिति, कार्यों की स्वीकृति, कार्यस्थल से जुड़ी सुविधाएं तथा पारदर्शीता भुगतान प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। पात्र श्रमिकों को समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने के लिए

▶▶ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### विधानसभा के विकास कार्यों के लिए 57.30 लाख रुपए की स्वीकृति

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए जिले के दो प्रमुख विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 57.30 लाख रूपए से अधिक की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित इन कार्यों के लिए वर्ष 2025-26 के आबंटन से राशि जारी की गई है। इस स्वीकृति के तहत दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 29.97 लाख रूपए और दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में विकास के लिए 27.33 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। इन कार्यों के संपादन के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग और जनपद पंचायत दुर्ग को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला 12 को

**दुर्ग।** आदर्श शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, जीई रोड पावरहाउस भिलाई में 12 जनवरी को सुबह 10 बजे से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला (पीएमएनएएम) का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला विभिन्न प्रतिष्ठित उद्योगों एवं कंपनियों में अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में 10वीं, 12वीं एवं आईटीआई उत्तीर्ण इच्छुक अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थियों को अपनी मार्कशीट, प्रमाण पत्र, रिज्यूम, आधार कार्ड सहित सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लाने के लिए कहा गया है। आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भिलाई से प्राप्त जानकारी अनुसार उद्योग, प्रतिष्ठान वासलोह बीके कास्टिंग लिमिटेड लाइट इंडस्ट्रियल एरिया भिलाई के लिए मैकेनिस्ट, फाउंड्रीमैन, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर व फीटर, आत्मनिर्भर रेसिडेंशियल कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड भिलाई के लिए ऑफिस आपरेशन, विष्णु केमिकल लिमिटेड लाइट इंडस्ट्रियल एरिया भिलाई के लिए फिटर व इलेक्ट्रीशियन, एक्मे आटोमेशन प्राईवेट लिमिटेड में इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, फीटर व कारपेंटर, सिम्प्लेक्स कास्टिंग्स लिमिटेड आदि के लिए सभी ट्रेड के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं।

# रेल परियोजना के अधिग्रहण को लेकर किसानों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की प्रस्तावित खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा रेल परियोजना के विरोध में प्रभावित किसान लामबंद हो गए हैं। जिला प्रशासन और रेलवे अधिकारियों द्वारा खेतों में किए जा रहे भूमि सर्वे और चिन्हांकन की कार्यवाही पर किसानों ने गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए इसे तानाशाही करार दिया है।

किसानों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा बिना किसी लिखित सहमति, उचित मुआवजा निर्धारण या पुनर्वास योजना के उन पर भूमि चिन्हांकन के लिए दबाव बनाया जा रहा है। 20 अगस्त 2025 को जिला प्रशासन द्वारा जारी एक आदेश के तहत ग्राम करगाडीह, पाउवारा, भानपुरी, बिरेझर बोरिगरका, चांदखुरी, चांगोरी, घुघसिडीह और खोपली की कृषि योग्य भूमि की खरीदी-बिक्री, खाता विभाजन और व्यपवर्तन पर अस्थायी रोक लगा दी गई है। किसानों का कहना है कि इस आदेश की आड़ में अब कलेक्टर दुर्ग के अधीनस्थ अधिकारी खेतों में जबरन घुसकर सर्वे करने की कोशिश कर रहे हैं।

## खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा रेल परियोजना को लेकर 18 जनवरी को बैठक में बनेगी रणनीति

### लिखित आश्वासन और मुआवजा निर्धारण पर अड़े किसान

इस मामले को लेकर किसानों ने बैठक की, जिसमें कहा गया कि प्रशासन लिखित आश्वासन दे, मुआवजा का निर्धारण करे। भुगतान और पुनर्वास की जानकारी लिखित रूप में दी जाए। प्रभावित परिवारों के सदस्यों के लिए रेलवे में स्थायी रोजगार की स्पष्ट नीति बने। विधिवत अधिसूचना और सहमति तक भूमि पर लगी सभी जैसे(बोरवेल, घर, पेड़, कुआ,बाड़ी)आदि सर्वे कार्य पर तत्काल रोक लगाई जाए। प्रक्रिया भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के तहत हो।



### नियम-कायदों का किया जा रहा उल्लंघन, बर्दाश्त नहीं

किसान नेता ढालेश साहू ने कहा कि बिना किसानों की लिखित सहमति और मुआवजा तय किए सर्वे व चिन्हांकन कराना संविधान के अनुच्छेद 300-ए और भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 का खुला उल्लंघन है। जमीन किसानों की आजीविका है और कानूनन प्रक्रिया पूरी किए बिना किसी भी तरह का दबाव स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह हमारे जीवन एवं आजीविका के अधिकार (अनुच्छेद 21) पर भी हमला है। जब तक प्रशासन हमारी जायज मांगें पूरी नहीं करता, हम एक इंच जमीन भी नहीं देंगे। 18 जनवरी को किसान मजदूर अधिकार सभा आयोजित ग्राम चंदखुरी में सामूहिक मजबूत निर्णय लिया जाएगा।

## बिजली कंपनी का प्लान : दुर्ग जिले को मिलेंगे 8 नए सब स्टेशन

# 385 करोड़ से बिछेगा सब स्टेशनों का जाल, लो वोल्टेज से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में निर्बाध बिजली आपूर्ति और लो वोल्टेज की समस्या से निपटने के लिये राज्य सरकार और विद्युत विभाग ने मास्टर प्लान तैयार कर लिया है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 385.39 करोड़ रूपये की लागत से नये सबस्टेशनों का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इस भारी निवेश से न केवल शहरी क्षेत्रों बल्कि ग्रामीण और औद्योगिक इलाकों में भी बिजली की तस्वीर पूरी तरह बदल जायेगी।

विद्युत क्षमता बढ़ाने के लिए जिले में अलग-अलग क्षमता के सबस्टेशनों का निर्माण किया जा रहा है। सबसे बड़ा निवेश अहिवारा और कुम्हारी क्षेत्र में हो रहा है। अहिवारा में 86.11 करोड़ और कुम्हारी में 86.70 करोड़ तथा लिटिया में 61.54 करोड़ रुपए की लागत से 220 केव्ही क्षमता के अतिरिक्त उच्च दाब सबस्टेशन बनाये जा रहे हैं। इनसे बड़े औद्योगिक क्षेत्रों और आस-पास के दर्जनों गांवों को फायदा होगा। अहिवारा सबस्टेशन से अहिवारा सहित गोढ़ी, मोहंदी, नंदनी पथरिया, बीएसपी माइन्स, नंदिनी, गिरहोला सबस्टेशनों एवं आसपास के क्षेत्र तथा कुम्हारी में सबस्टेशन बनने से कुम्हारी सहित, ढाबा, खारुन ग्रीन एवं चरोदा सबस्टेशनों सहित आसपास के क्षेत्रों को फायदा मिलेगा।

## आईआईटी भिलाई, पाटन, जामगांव में बनेंगे सब स्टेशन





### 15 वर्षों की मांग को ध्यान में रखकर इंफ्रास्ट्रक्चर किया जा रहा तैयार

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खण्डेलवाल ने कहा की इन परियोजनाओं के पूर्ण होते ही दुर्ग जिला प्रदेश के सबसे मजबूत विद्युत ग्रिड वाले जिलों में शुमार हो जायेगा। आने वाले 10 से 15 वर्षों की संभावित मांग को ध्यान में रखकर यह इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है।

### यहां तैयार हो रहा सबस्टेशन

जामगांव आर में 45.40 करोड़ रुपए, अण्डा में 54.42 करोड़ रुपए और आईआईटी जेवरा सिरसा में 44.98 करोड़ रूपये कुल 144.80 करोड़ की लागत से उच्चदाब 132/33 केव्ही सबस्टेशन तैयार किये जा रहे हैं। आईआईटी जेवरा सिरसा में सबस्टेशन बनने से शैक्षणिक परिसर, जेवरा सिरसा एवं आसपास के क्षेत्र तथा जामगांव आर सबस्टेशन से दक्षिण पाटन क्षेत्र को भी लाभ मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्र में बिजली व्यवस्था सुधारने के लिये ग्राम माटरा में 2.95 करोड़ एवं ग्रीन वैली भिलाई में 3.29 करोड़ रुपए की लागत से 33/11 केव्ही सबस्टेशनों का निर्माण किया जा रहा है।

### ट्रांसफार्मरों पर लोड होगा कम

नये सबस्टेशनों के बनने से ट्रांसफार्मरों पर लोड कम होगा और उपभोक्ताओं को समुचित वोल्टेज के साथ बिजली मिलेगी। फॉल्ट होने की स्थिति में अब वैकल्पिक लाईनों से सप्लाई तुरंत बहाल की जा सकेगी। अहिवारा और कुम्हारी जैसे क्षेत्रों में उद्योगों के साथ-साथ कृषकों की बिजली की मांग पूरी होगी, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। जेवरा सिरसा क्षेत्र में सबस्टेशन बनने से शिक्षा और शोध कार्यों में बिजली की बाधा दूर होगीस जिससे छात्रों को बड़ी राहत मिलेगी।

# कातुलबोर्ड में 1 करोड़ की लागत से 15 जगहों पर बन रही सड़कें



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने मंगलवार को वार्ड 59 कातुलबोर्ड का भ्रमण कर क्षेत्र की जनता से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने वार्डवासियों की समस्याएं सुनीं तथा विकास से जुड़ी आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की।

■ मंत्री ने किया जनता से संवाद, सुनी समस्याएं

वार्ड 59 भ्रमण के दौरान वार्डवासियों ने क्षेत्र में सीमेंटीकरण सड़क एवं नाली निर्माण की मांग करते हुए खराब सड़क के कारण आवागमन में आ रही समस्याओ की जानकारी दिए थे, जिस पर मंत्री गजेन्द्र यादव ने नागरिकों की मांग को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को शीघ्र इस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए और वार्ड में आवागमन को बेहतर बनाने 01 करोड़ की राशि की स्वीकृति कराये और यादव पारा, लोहार पारा, हरि नगर, रजत होम्स गली 1, मुस्कान पैलेस के सामने, हैरिटेज स्कूल सहित 15 स्थान पर सीमेंटीकरण सड़क निर्माण किया जा रहा है जो जल्द ही पूर्ण हो जाएगा। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में दुर्ग शहर को विकसित बनाने हेतु निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। शासन की प्राथमिकता है कि विकास कार्य जनआवश्यकताओं के अनुरूप हों और उनका लाभ सीधे आम नागरिकों तक पहुंचे।

उन्होंने आगे कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना सरकार की कार्यशैली का अहम हिस्सा है। वार्ड 59 कातुलबोर्ड के विकास के लिए सभी आवश्यक कार्य चरणबद्ध तरीके से कराए जाएंगे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, द्वारिका यादव सहित वार्ड के अनेक गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# पीएम आवास के 24 हितग्राहियों को तोहफ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में तैयार आवास गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आ रहे हैं। गणपति विहार, सरस्वती नगर और मां कर्मा बोरसी साइट पर तैयार फ्लैटों का आवंटन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया गया, जिसमें कुल 24 हितग्राहियों का चयन किया गया। इन आवासों की बड़ी विशेषता यह है कि मात्र 3.30 लाख रुपये में पक्का, सुंदर और सुरक्षित घर उपलब्ध कराया जा रहा है।

■ योजना का उद्देश्य जरूरतमंदों को पक्की छत उपलब्ध कराना

लगभग प्रत्येक माह प्राप्त आवेदनों की लॉटरी निकाली जाती है, जिससे पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहती है। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल, लोककर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर और सहायक अभियंता संजय ठाकुर मौजूद रहे। खुली लॉटरी में हितग्राहियों ने स्वयं अपनी पर्ची निकालकर फ्लैट का चयन किया।



लॉटरी के बाद महापौर ने कहा कि योजना का उद्देश्य हर जरूरतमंद को पक्की छत उपलब्ध कराना है और निगम प्रशासन पूरी निष्ठा से कार्य कर रहा है। महापौर अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल ने बताया कि आने वाले महीनों में भी और पात्र हितग्राहियों के लिए लॉटरी जारी रहेगी। सम्पूर्ण राशि जमा करने के बाद हितग्राहियों को आधिपत्य (कब्जा) पत्र प्रदान किया जाएगा।

# कॉलेज में नो हेलमेट नो एंट्री अभियान की शुरुआत, छात्रों को किया जागरूक

**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने नो हेलमेट नो एंट्री अभियान की विधिवत शुरुआत की गई है। इस अभियान के अंतर्गत बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन से महाविद्यालय परिसर में प्रवेश पूर्णतः वर्जित किया गया है।



उल्लेखनीय है कि 1 से 31 जनवरी तक आयोजित सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह के निर्देशानुसार यह अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा हेलमेट उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

इस क्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनकर ही दोपहिया वाहन चलाने एवं महाविद्यालय में प्रवेश करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रतिदिन महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर चेकिंग व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी से सड़क सुरक्षा नियमों के पालन में सहयोग की अपील की गई है।

# महापौर ने वार्ड-19 का किया निरीक्षण

**दुर्ग।** नगर निगम महापौर अलका बाघमार ने सुबह आयुक्त सुमित अग्रवाल एवं एमआईसी देव नारायण चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, वार्ड पार्षद रंजीता पाटिल, सुरूचि उमरे, अरुण सिंह, मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा और उपअभियन्ता पंकज साहू,स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, अतिक्रमण विभाग चंदन शर्मा सहित अमला की टीम के साथ शहर के पटरी पार वार्ड क्रमांक 19 तितुरडीह क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। तड़के सुबह शुरू हुए इस निरीक्षण के दौरान महापौर ने सड़क, नालियों,तथा गलियों में घूमकर साफ-सफाई की वास्तविक स्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर गंदगी, कचरा एकत्र होने और समय पर उठाव न होने नालियों सफाई न होने की शिकायतें मिलीं। इस पर महापौर अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल ने नागरिकों से उनकी समस्या से रूबरू होकर संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने और निर्धारित समय पर सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## पेज 9 के शेष

### सड़क बन गई, मुआवजा अटका ...

शाखा दुर्ग के अनुसार भूमि एवं परिसंपत्ति विवरण के तहत किसान कल्याण सिंह को 3 लाख 61 हजार 330 रुपये, टेमन को 1 लाख 89 हजार 80 रुपये, खुमान को 1 लाख 10 हजार 840 रुपये, चित्रसेन को 78 हजार 240 रुपये, रेखराम 7 लाख 4 हजार 160 रुपये, गोपाल को 78 हजार 240 रुपये, विमल को 4 लाख 17 हजार 280 रुपये, सुखदास 7 लाख 30 हजार 240 रुपये, प्रेमलाल 4 लाख 17 हजार 280 रुपये, प्रीति बाई को 7 लाख 82 हजार 400 रुपये, पूर्णिमा को 4 लाख 95 हजार 520 रुपये, मोहिनी 3 लाख 78 हजार 160 रुपये, अमरनाथ को 2 लाख 44 हजार 500 रुपये, गोपाल को 1 लाख 63 हजार रुपये, इंदल कुमार को 97 हजार 800 रुपये, गिरधारीलाल को 14 लाख 34 हजार 400 रुपये, घनाराम को 2 लाख 80 हजार 360 रुपये, सोमनाथ को 1 लाख 10 हजार 840 रुपये, नीलेंद्र कुमार को 1 लाख 30 हजार 400 रुपये, युवराज को 1 लाख 23 हजार 880 रुपये, बिसहत को 2 लाख 60 हजार 800 रुपये, महेंद्र कुमार को 15 लाख 64 हजार 800 रुपये, सुरेश को 9 लाख 45 हजार 400 रुपये किसान को मुआवजा मिलना है।

### राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जम्बूरी में देश ...

हुए कहा कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ के लिए गौरव है और अपने निर्धारित समय में आप सब के सहयोग से सफल होगा। इस जंबूरी में भारत के विभिन्न राज्यों सहित छ्ग के सभी जिलों से रोवर रेंजर सम्मिलित होंगे। राज्य सचिव जितेंद्र साहू एवं राज्य मुख्य आयुक्त रोवर अशोक देशमुख ने बताया कि अब तक राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, बिहार, सेंटर रेलवे आदि के रोवर रेंजर पहुंच चुके हैं। छत्तीसगढ़ राज्य से करीब 4200 रोवर रेंजर पहुंच चुके हैं। इनका पूर्वाभ्यास शिविर चलाया जा रहा है। कल से और भी राज्यों से प्रतिभागी पहुंचने लगेंगे। इसके अलावा श्रीलंका देश से भी रोवर रेंजर कल पहुंच जाएंगे। राष्ट्रीय मुख्यालय की टीम जंबूरी को सफल बनाने के लिए अपनी पूरी तैनाती के साथ कार्य में जुट गई है।

### जम्बूरी आयोजन में भ्रष्टाचार ...

श्वेतपत्र जारी किया जाए। जिम्मेदार अधिकारियों और अनुचित लाभ लेने वाले ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि आयोजन होना चाहिए था बच्चों और युवाओं के लिए, लेकिन इसे भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया गया, जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### जन जागरण अभियान ...

आवश्यक जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को जिला पंचायत सीईओ सुनील कुमार चंद्रवंशी ने सुना और मौके पर ही समस्या निराकरण का प्रयास किया गया। साथ ही, जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी ग्रामीणों को दी गई। ग्रामीणों को अपनी शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु टोल फ्री नंबरों की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई, जिससे वे सीधे संबंधित विभागों से संपर्क कर सकें। इस आयोजन में ग्राम पंचायत, जनपद और जिला स्तर के जनप्रतिनिधि, अधिकारी–कर्मचारी, योजना से जुड़े कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने कहा कि इस प्रकार के जन जागरण कार्यक्रमों से ग्रामीणों को योजनाओं की सही जानकारी मिलती है तथा पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित होती है। कार्यक्रम का समापन जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के संकल्प के साथ किया गया।

### परसदा में 10 जनवरी से द्वि-दिवसीय ....

ग्रामवासियों की ओर से प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में ग्राम के समस्त नागरिक, युवा साथी एवं महिला मंडल सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। यह जानकारी सरपंच सत्यवती साहू ने दी।

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मंगलवार की सुबह पहुंचे बीजेपी कार्यालय, ली बैठक

# मनरेगा से बेहतर है विकसित भारत जी राम जी योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मंगलवार की सुबह अचानक बीजेपी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम 2025 लाया गया है, जो देश के गांवों को विकसित बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

यह अधिनियम किसानों, मजदूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री ने संसद में अपने पहले भाषण में ही स्पष्ट किया था कि उनकी सरकार गरीबों के नाम समर्पित रहेगी और उसी भावना के अनुरूप घर-घर बिजली, शौचालय, आवास और जनधन खाते जैसी ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गईं। इस अवसर पर मंत्री गजेंद्र यादव, अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पुरुषोत्तम देवांगन, विधायक ललित चंद्राकर, डोमन लाल कौर्सेवाड़ा, जितेंद्र वर्मा, महापौर अलका बाघमार, शिव चंद्राकर, सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, राजा महोबिया मौजूद थे।

### अधिनियम अधिक उन्नत और प्रभावी साबित होगा

उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम मनरेगा योजना का उन्नत और अधिक प्रभावी रूप है और कई मायनों में इससे बेहतर है। मनरेगा में जहां 100 दिनों का रोजगार मिलता था, वहीं अब इस अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी। इससे मजदूरों की आमदनी में स्वाभाविक रूप से बढ़ोतरी होगी। मजदूरी भुगतान अब सात दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं होता है तो विलंबित भुगतान पर अतिरिक्त राशि मजदूर को दी जाएगी, जिसे मजदूरी पर ब्याज की तरह माना जा सकता है। इससे मजदूरों को न्याय मिलेगा और भुगतान में देरी जैसी पुरानी समस्याओं का समाधान होगा।




### बुवाई व कटाई के समय कार्य रोके जा सकेंगे

उन्होंने कहा कि खेती-किसानी के कार्यों को सुरक्षित रखने के लिए भी अधिनियम में महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है। बुवाई और कटाई के समय 60 दिनों तक कार्य रोके जा सकेंगे, ताकि किसानों को पर्याप्त मजदूर उपलब्ध हों और कृषि गतिविधियाँ प्रभावित न हों। इससे ग्रामीण पलायन भी रुकेगा और कृषि उत्पादन को स्थिरता मिलेगी। मनरेगा में पहले फर्जी मास्टर रोल, मशीनों के उपयोग और धांधली की शिकायतें मिलती थीं, जिन्हें यह नया अधिनियम स्वतः समाप्त करेगा। पारदर्शिता बढ़ेगी और वास्तविक मजदूरों को सीधे लाभ मिलेगा। यह अधिनियम ग्रामीण विकास में क्रांतिकारी परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### जल संरक्षण, नदी-नालों के संवर्धन, कटाव रोकने में होगा सहायक

उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम के अंतर्गत चार प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष फोकस किया जाएगा। जल सुरक्षा, ग्रामीण अधोसंरचना, आपदा सुरक्षा और आजीविका संवर्धन। जल संरक्षण, नदी-नालों के सुधार, कटाव रोकने तथा सिंचाई संरचनाओं के विकास जैसे कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे। अधिनियम के माध्यम से कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और कौशल विकास जैसी गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी। ग्रामीण स्तर पर रोजगार एवं सतत आय के नए अवसर सृजित होंगे।

## खबर संक्षेप

### आईटीआई में आईबीएम एआई स्किल बिल्डिंग सेमिनार हुआ

**बालोद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर में आईबीएम एआई स्किल बिल्डिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर के प्राचार्य ने बताया कि आईबीएम एवं नैसकॉम फाउंडेशन के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं साइबर सिक्युरिटी जैसी आधुनिक तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सेमिनार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मूल अवधारणाओं, इसके व्यावहारिक उपयोग, उद्योगों में बढ़ते प्रभाव तथा भविष्य की रोजगार संभावनाओं के बारे में बताया गया। साथ ही विद्यार्थियों को कौशल विकास एवं आईबीएम डिजिटल सर्टिफिकेशन के विभिन्न अवसरों के बारे में भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में इंटरएक्टिव सत्रें, व्यावहारिक उदाहरणों एवं प्रश्न–उत्तर सत्र के माध्यम से विद्यार्थियों की सवालों का समाधान भी किया गया। उन्होंने बताया कि सेमिनार का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को उद्योग अनुकूल, भविष्य–उन्मुख कौशल प्रदान करना है।

### गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जामगांव एम अमलेश्वर निवासी सोनई प्रजापति अपने घर में पलंग के उपर गांजा रखा हुआ था। आरोपी को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा है। आरोपी के पसा से गांजा 1.300 किग्रा 65 हजार रुपए का जब्त किया। इसके अलावा नगदी रकम 12 हजार 950 रूपया मिला है। कार्रवाई में अमलेश्वर टीआई अमलेश्वर बसंत कुमार बघेल समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### 27 साल से फरार वारंटी को आरपीएफ ने पकड़ा

**भिलाई।** सत्ताइस साल पुराने मामले में फरार चल रहे वारंटी को आरपीएफ ने गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया गया। आरपीएफ दुर्ग प्रभारी संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि पुराने केस के स्थायी (पीएनबीडब्लू) वारंट आरोपी को सीहोर मध्य प्रदेश से गिरफ्तार कर जेल भेजा। आरोपी का नाम सिली निकेतन बैरागढ़ भोपाल दिलीप कुमार उमानारे को आरपीएफ ने स्थायी वारंट तामिली अभियान के तहत वरिष्ठ मंडल सुरक्षा द्वारा आरपीएफ ने टीम बनाई थी। दिलीप को स्थाई वारंट की गिरफ्तारी वारण्ट जारी किया गया था। वारंट की तामिली के क्रम मे पोस्ट प्रभारी संजीव कुमार सिन्हा के निर्देशन पर सउनि निरंजन, प्रधान आक्षक बी. राजौरिया, आरक्षक एसआर मीणा, आरक्षक अवनीश के साथ 5 जनवरी को वारंट में भोपाल पहुंची। वारंटी के पिता से सम्पर्क कर आरोपी दिलीप के बारे में जानकारी लिया।

### प्रवचन : द्रौपदी अपमान और विदुर का वनगमन

# भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तीसरे दिन विदुर कथा वराह अवतार व शिव-पार्वती विवाह का वर्णन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

ग्राम पसौद में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तीसरे दिन पंडित निरंजन महराज ने सृष्टि वर्णन, विदुर कथा, वाराह अवतार, सती चरित्र, शिव पार्वती विवाह की कथा सुनाई। महराज ने कहा कि विदुर महाभारत के प्रमुख पात्रें में से एक हैं। वह सत्यवती के पुत्र व्यास और एक दासी के पुत्र थे, इसलिए उन्हें हस्तिनापुर के शाही परिवार में राजकुमार का दर्जा नहीं मिला।

लेकिन उन्हें उनके ज्ञान और धर्मपरायणता के लिए जाना जाता था। कौरव और पांडवों के बीच युद्ध से पहले, विदुर ने धृतराष्ट्र को धर्म और राजनीति के बारे में कई उपदेश दिए, जिन्हें विदुर नीति के नाम से जाना जाता है। इसमें जीवन के सही मार्ग, कर्तव्य और नैतिकता के बारे में गहन शिक्षाएं हैं। अपमान और वनगमन जब दुर्योधन ने पांडवों को जुए में छल से हराया और द्रौपदी का अपमान किया, तो विदुर ने इसका कड़ा विरोध किया। दुर्योधन ने गुस्से में विदुर का अपमान किया, जिससे आहत होकर विदुर ने हस्तिनापुर छोड़ दिया और वन में जाकर तपस्या की। परलोक गमन महाभारत युद्ध के बाद, जब युधिष्ठिर राजा बने, तो धृतराष्ट्र, गांधारी और




कुंती भी विदुर के साथ वन में चले गए। वहीं पर विदुर ने अपने शरीर का त्याग किया। वराह भगवान विष्णु के दस अवतारों में से तीसरे अवतार हैं। इस अवतार की कथा भागवत पुराण और अन्य पुराणों में मिलती है। एक बार हिरण्याक्ष नामक एक शक्तिशाली राक्षस पृथ्वी को चुराकर समुद्र के नीचे गहरे पानी में छिपा दिया था।

तब देवताओं की प्रार्थना पर पृथ्वी का उद्धार करने भगवान विष्णु ने वराह का विशालकाय रूप धारण किया। उन्होंने अपने नुकीले दांतों से पृथ्वी को उठाया और उसे वापस उसके स्थान पर स्थापित किया। निरंजन महराज ने कहा कि पृथ्वी को बचाते समय, वराह भगवान ने हिरण्याक्ष का वध किया और ब्रह्मांड में शांति और व्यवस्था बहाल की। यह अवतार बुराई पर अच्छाई की विजय और पृथ्वी की रक्षा का प्रतीक है।

सती चरित्र का संबंध देवी सती से है, जो भगवान शिव की पहली पत्नी थीं और राजा दक्ष प्रजापति की पुत्री थीं। राजा दक्ष ने एक बार विशाल यज्ञ का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने सभी देवताओं को आमंत्रित किया, लेकिन जानबूझकर अपने दामाद भगवान शिव को नहीं बुलाया। सती अपने पिता के घर हो रहे यज्ञ में बिना निमंत्रण के ही जाने के लिए अड़ गईं। शिव ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने जिद की और अकेले ही वहां गईं। यज्ञ स्थल पर, राजा दक्ष ने शिव का घोर अपमान किया। अपने पति का अपमान सहन न कर पाने के कारण, सती ने वहीं यज्ञ की अग्नि में कूदकर अपने शरीर का त्याग कर दिया। उन्होने कहा सती के आत्मदाह से शिव बहुत क्रोधित हुए। उन्होंने सती के मृत शरीर को लेकर तांडव नृत्य किया, जिससे पूरी सृष्टि में हाहाकार मच गया। भगवान विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से सती के शरीर के टुकड़े–टुकड़े कर दिए, जो पृथ्वी के विभिन्न स्थानों पर गिरे। ये स्थान आज 51 शक्तिपीठों के रूप में पूजे जाते हैं। बाद में, सती ने ही देवी पार्वती के रूप में पुनर्जन्म लिया और फिर से शिव से विवाह किया।

## शिव महापुराण कथा में शिव-पार्वती विवाह का किया भावपूर्ण वर्णन : सौरभ शर्मा



**जामगांव आर।** अरमरीखुर्द मे आयोजित शिव महापुराण कथा में कथावाचक सौरभ शर्मा ने कहा कि शिव परिवार में भगवान के वाहक नन्दी, मां पार्वती का शेर, गणेश जी का मूसक और कार्तिकेय का वाहन मोर है। शिव के गले मे सर्प रहते हैं जो सभी विपरीत विचारधारा के बीच सामंजस्य रखना ही शिव पुराण सिखाता है। उन्होने कहा भगवान के विवाह के वर्णन में मैनादेवी व हिमालय राज की पुत्री के रूप मे मां पार्वती का जन्म लेना, प्रारम्भिक काल मे शिव की तपस्या करना, उसी दौरान तारकासुर के आतंक को खत्म करने के लिए शिव का निंद्रा भंग हुई। तब जाकर शिव पार्वती का विवाह हुआ। कथा श्रवण करने वालो में सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू, अध्यक्ष भाजयुमो दक्षिण पाटन नारद साहू, अध्यक्ष तहसील साहू संघ पाटन लालेश्वर साहू, मंडल अध्यक्ष भाजपा जामगांव आर कमलेश साहू, अभिषेक सेन, लोकगायक संजू साहू सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे भक्त




**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक के ग्राम खपराभाट में देवांगन परिवार द्वारा आयोजित आठ दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा पंडाल भक्तिरस में सराबोर नजर आया। क्षेत्र के बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों ने सामूहिक रूप से कथा श्रवण का लाभ लिया। कथावाचक पं. सुरेश शर्मा ने श्रीकृष्ण जन्म की सुमधुर एवं भावपूर्ण कथा सुनाई।श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग के दौरान जैसे ही "नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" भजन गूंजा, पूरा पंडाल श्रद्धा और उल्लास से झूम उठा।



श्रद्धालुओं ने मंगल गीत गाते हुए भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का आनंद लिया। पं. सुरेश शर्मा ने प्रवचन में कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म और अत्याचार बढ़ता है, तब-तब भगवान धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते हैं। कंस के अत्याचार बढ़ने पर भगवान श्रीकृष्ण ने अवतार लेकर अधर्म का नाश किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन को भक्ति, सेवा और सत्कर्मों से ही सार्थक बनाया जा सकता है।

कथावाचक ने आगे कहा कि बुरा खान-पान, गलत वाणी और लालच का त्याग ही सच्चा सन्यास है। अच्छा बोलना, अच्छा सोचना और अच्छा कर्म करना भगवान की कृपा से प्राप्त विवेक का परिणाम है। बिना विचार और अज्ञानवश किया गया कर्म तामस कर्म कहलाता है। विपरीत परिस्थितियों में भी साधना में कमी नहीं आनी चाहिए, क्योंकि अहंकार से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। कथा के दौरान पं. शर्मा ने ध्रुव चरित्र एवं प्रह्लाद चरित्र की प्रेरक कथाएं भी सुनाईं, जिन्हें सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रमुख यजमान टोमनलाल–मीरा देवांगन, अर्जुनलाल–माहेश्वरी देवांगन, गौतम सिंह–माधुरी देवांगन एवं तुलसीराम–सती देवांगन हैं। आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## विद्यालय सुरडोंगर में हुआ दो दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरडोंगर में वार्षिक स्नेह सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें प्रथम दिवस उदघाटन समारोह के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तोमन साहू जिला पंचायत उपाध्यक्ष सह राज्य रेडक्रॉस चेयरमैन एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख बी.के. बहुरुपी तथा विशिष्ट आतिथ्य के रुप में सोमेश साहु, पूर्व उपाध्यक्ष भाजपा जिला बालोद, मिथलेश नुरुटी ज़िला पंचायत सदस्य, तारादेवी दर्रो सरपंच ग्राम पंचायत सुरडोंगर, किशोर कुमार साहू उपसरपंच सुरडोंगर,तोरण सिंह मरकाम अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, सुरडोंगर,मदन साहू अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति,एवं शाला विकास समिति के सदस्यगण घांसीराम ध्रुवे,सुखचैन ठाकुर ,नकुल विश्वकर्मा, भूवेंन्द्र साहू,लखन लाल मरकाम,अजयदास सोनबरसा,महेश दास सोनबरसा के एवं समस्त ग्राम वासियों के गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई।

एवं द्वितीय दिवस पर मुख्य अतिथि मुकेश कौड़ो एवं विशेष आतिथ्य के रुप में तुलेश्वर



हिचामी जनपद सदस्य,डॉ.रुपेश नायक भाजपा मंडल अध्यक्ष डौंडी,सीईवो जनपद पंचायत डौंडी डी.डी. मंडले, विकास खंड शिक्षा अधिकारी पी.के.चतुर्वेदी,कोमेश कोर्राम, शिवराम मरकाम,पतीराम पटेल, रजनी मंडावी ,भगवंतीन बारेक,अनिता सिंग्रामे, गमिनी मरकाम, फुलेश्वरी कोरेटी एवं डौंडी क्षेत्र के खैरवाही प्राचार्य सोहन साहू , प्राचार्य एस के जयसवाल कुआंगोंदी , प्राचार्य मरकाटोला एस.के .पांडेय , प्राचार्य गुदुम शीला मिश्रा जी वरिष्ठ व्याख्याता एसके चैटर्जी ,भूषण ध्रुवेमरकाटोला, खोबरागड़े कुआंगोंदी के प्रेरणादायी उपस्थिति में संपन्न हुआ ।दो-दिवसीय वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के तहत विद्यालयीन विद्यार्थियों शारिरिक एवं बौद्धिक एवं सांस्कृतिक,साहित्यिक विकास हेतु विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता जैसे बैच,बुके, पूजा थाली सजाओ प्रतियोगिता,हार -माला ,मूर्ती कला ,रंगोली,प्रश्नमंच, संगीत ,नृत्य गीत ,संगीत सहित विविध प्रकार के खेलकूद का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि मुकेश कौड़ो ने कहा कि यह यह विद्यालय सुरडोंगर हमारे क्षेत्र का एक आदर्श विद्यालय के रुप स्थापित है। यहां के विद्यार्थियों को शानदार पढ़ाई के साथ विभिन्न प्रकार के कौशल उन्मुखीकरण हेतु विद्यालय में गठित क्लबों के माध्यम से समय समय पर विभिन्न कार्यशाला के सहायता से सार्वांगिण विकास के दिशा में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा सामूहिक प्रयास किया जाता है । ऐसे विद्यालय में आकर बहुत खुशी और गौरवान्वित महसूस हो रहा है मैं और हमारे जनपद की सभी सदस्यों द्वारा समय समय पर पत्र पत्रिकाएं के माध्यम से विद्यालय की गतिविधियां और प्राप्त उपलब्धि को देखते पढ़ते रहते हैं ऐसे विद्यालय समाज के लिए बहुत उपयोगी है ।इसी क्रम में सभी विशिष्ट अतिथियों ने शाला प्रबंधन के कार्यक्रम प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से विद्यार्थियों के अंदर सर्वांगीण विकास होता है उनमें एक अलग प्रकार की ऊर्जा का संचार होता है।साथ ही मानव समाज के लिए विभिन्न प्रकार के संदेश पर्यावरण संरक्षण,जल संरक्षण,ऊर्जा संरक्षण, बालिका विवाह निषेध जागरूकता कार्यक्रम, जैव विविधता सरंक्षण,बेटी बचाओ अभियान एवं नशा उन्मूलन अभियान संबंधित सुविचार चार्ट फ्लेक्स एवं प्रहसन के माध्यम से सुव्यवस्थित प्रचार बेहद उपयोगी रहा यह एक मनोरंजन के साधन ना हैकर ओवरऑल विकासात्मक पहलू का एक असाधारण एवं असरदार प्रयास रहा जिसके लिए पूरे विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। इसअवसर पर ग्राम से आए हुए समस्त पालकगण एवं विद्यार्थियों सहित समस्त स्टाफ कन्हैयालाल विश्वकर्मा ,कांशीराम सोरी,बीरम मसियारे, केशव मानकर, संजय बंजारे,रामस्वरुप तिवारी, मोहन साहू,पुनीत ठाकुर,पवन रावटे ,चौरका सहित समस्त विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

## प्रदूषण फैलाने वाली चार फैक्ट्रियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में पर्यावरण नियमों की अनदेखी करने वाले औद्योगिक संस्थानों पर पर्यावरण विभाग की अनुशंसा के बाद कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कार्रवाई की है। चारों फैक्ट्रियों को तत्काल बंद करने कहा गया है। जनदर्शन में मिली शिकायत के बाद इन उद्योगों की जांच की गई। जांच के बाद अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई। अकलोरडीह-जरवाय में संचालित मेसर्स आरडी एजेंसी (वेस्ट मटेरियल स्क्रीनिंग यूनिट) को भारी धूल और बिना अनुमति संचालन के कारण बंद करने का आदेश दिया गया है। जरवाय स्थित मेसर्स पंकज अग्रवाल (स्लैग क्रशिंग यूनिट) और मेसर्स टेथिस इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड पर भी नियमों के उल्लंघन के चलते कार्रवाई की गई है। कुम्हारी क्षेत्र अहिवारा रोड स्थित मेसर्स वैद्य फूड प्रोडक्ट्स में प्रदूषण नियंत्रण उपकरण न होने के कारण उसे भी बंद करने के आदेश दिए गए हैं।

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने उक्त इकाइयों का औचक निरीक्षण किया था। जांच में गंभीर अनियमितताएं और प्रदूषण पाए जाने पर क्षेत्रीय कार्यालय, भिलाई द्वारा संबंधित इकाइयों को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश जारी किया गया है। जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम, 1974 की धारा 33 क तथा वायु प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम, 1981 की धारा 31 क के तहत कार्रवाई की गई। साथ ही बिजली कंपनी को निर्देशित किया गया है कि इन इकाइयों के विद्युत कनेक्शन तत्काल विच्छेदित कर दिए जाएं।

### खेल और सेवा के माध्यम से युवाओं में अनुशासन : तारणी

# ग्राम खपरी में क्रिकेट स्पर्धा और एनएसएस सात दिवसीय शिविर का भव्य उद्घाटन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

खेल प्रतिभाओं को मंच देने और युवाओं में सेवा भावना जागृत करने के उद्देश्य से ग्राम खपरी (ब) में दो बड़े आयोजनों का आगाज हुआ। यहाँ आयोजित भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता और राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि बालोद जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर सम्मिलित हुईं।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर ग्रामीणों और आयोजन समिति ने मुख्य अतिथि का आत्मीय स्वागत किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने पूजा–अर्चना कर क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इसके पश्चात उन्होंने कलंगपुर स्कूल की एनएसएस शाखा द्वारा ग्राम खपरी (ब) में आयोजित एनएसएस सात दिवसीय शिविर का भी शुभारंभ किया और स्वयंसेवकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर



ने कहा खेल हमें अनुशासन और हार–जीत को स्वीकार करने का साहस सिखाते हैं, वहीं एनएसएस हमें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का अहसास कराता है।

ग्रामीण क्षेत्रें में ऐसी प्रतियोगिताओं से छुपी हुई प्रतिभाएं निखर कर सामने आती हैं। मुझे खुशी है कि खपरी (ब) के युवा खेल और समाज सेवा, दोनों क्षेत्रें में अपनी ऊर्जा लगा रहे हैं। क्रिकेट प्रतियोगिता में आसपास के क्षेत्रें की दर्जनों टीमें हिस्सा ले रही हैं। विजेता खिलाड़ियों के लिए आकर्षक पुरस्कारों की घोषणा की गई है। इसके अलावा सात दिवसीय एनएसएस शिविर में स्वयंसेवक ग्राम स्वच्छता, साक्षरता अभियान और जन–जागरूकता के विभिन्न सेवा प्रकल्पों पर कार्य करेंगे। कार्यक्रम के दौरान सभापति जिला पंचायत बालोद कांति सोनेश्वरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बालोद पुष्पेन्द्र चंद्राकर, अध्यक्ष सरपंच संघ गुण्डरदेही लेखराम साहू, पंच कमलनारायण साहू, शिक्षक एनएसएस संयोजक डॉ राम निवास साहू, केएल कुर्रे, अश्वनी साहू, शत्रुहन साहू, खोमन साहू, लीलार साहू, जगता साहू, तेजनारायण साहू, हेमन्त साहू, लक्ष्मण साहू, स्थानीय सरपंच, पंचगण, आयोजन समिति के सदस्य, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, खेल प्रेमी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामवासी उपस्थित थे।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में असामाजिक तत्वों का आतंक

## सरकारी संपत्ति को नुकसान, नकदी चोरी, सीसीटीवी कैमरे भी तोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

बालोद ब्लॉक अंतर्गत स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, लाटाबोड़ में बीते कुछ समय से असामाजिक तत्वों की गतिविधियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। विद्यालय में कुल 22 स्टॉफ कार्यरत हैं तथा 590 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, लेकिन सुरक्षा के अभाव में स्कूल परिसर को बार-बार निशाना बनाया जा रहा है।

### नल-टोटी तोड़फोड़ से बढ़ा आर्थिक बोझ

रात्रि के समय अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा स्कूल परिसर में घुसकर पीने के पानी के नल पाइप व टोटियों को तोड़ दिया गया। विद्यालय के प्राचार्य के अनुसार, इनकी मरम्मत में एक बार में लगभग 5 से 6 हजार रुपये तक का खर्च आता है, जिससे विद्यालय पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उपद्रवियों ने महिला स्टॉफ के शौचालय का दरवाजा तोड़ दिया, वहीं सुरक्षा की दृष्टि से






लगाए गए सीसीटीवी कैमरों को इधर-उधर घुमा कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिससे निगरानी व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है। असामाजिक तत्वों ने विद्यालय कार्यालय में रखी गोदरेज अलमारी का लॉकर तोड़कर लगभग 12 से 15 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। इस संबंध में स्थानीय पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। इतना ही नहीं, स्कूल परिसर की बाउंड्रीवाल पर अश्लील कमेंट्स लिखे गए और आपत्तिजनक चित्र बनाए गए, जिससे विद्यालय का शैक्षणिक माहौल भी प्रभावित हुआ है।

स्थानीय लोगों ने की कड़ी कार्रवाई की मांग ग्राम के कुछ नागरिकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उन्होंने रात्रि के समय स्कूल परिसर के आसपास संदिग्ध लोगों को देखा था, लेकिन अंधेरा होने के कारण पहचान नहीं हो सकी। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ लोग रात में शराब पीकर स्कूल परिसर में उत्पात मचाते हैं और खाली बोतलों को तोड़कर इधर-उधर फेंक देते हैं।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप



### शिक्षक नरेन्द्र ने जन्मदिन पर बच्चों को बांटे फल

**बालोद/सिकोसा।** शासकीय प्राथमिक शाला सिर्राभाठा के शिक्षक नरेन्द्र कुमार ठाकुर ने अपने जन्मदिन पर बच्चों को सेव फल, बिस्कुट पैकेट बांटे व अर्धवार्षिक परीक्षा में पहली से पांचवी तक प्रथम द्वितीय आने वाले बच्चों को पेन व कापी प्रदान किया। बच्चों ने शिक्षक का जन्मदिन शाला में ही मनाया। इसी क्रम में प्रधान पाठक दिनेश कुमार निषाद, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खिलावन सिन्हा, पंच पुष्पा साहू, आरती बघेल, रेमिन साहू, संगीता यादव, रूपचंद जैन ने श्रीफल व साल भेंट की।

### भरदाकला में मेला मड़ई 9 को

**बालोद/निकुम।** ग्राम भरदाकला में 9 जनवरी शुक्रवार को भव्य मेला मंडई का आयोजन किया गया है। वही 10 जनवरी शनिवार को सुबह 10 बजे सांस्कृतिक कला मंच में छत्तीसगढ़ी नाच मया के संगी की मन मोहक प्रस्तुति होगी, यह जानकारी ग्राम पंचायत भरदाकला सरपंच क्रांति भूषण साहू ने दिया।

### एकलव्य विद्यालयों में कक्षा 6वीं प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**बालोद/डौंडीलोहारा।** आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति रायपुर द्वारा संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2026–27 अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश परीक्षा हेतु 07 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि एकलव्य आवासीय विद्यालयों में अनुसूचित जनजाति के विद्याथएँ 07 फरवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन भरे गए फार्म में 08 फरवरी से 10 फरवरी 2026 तक त्रुटि सुधार भी किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा का आयोजन 01 मार्च 2026 को किया जाएगा। इसके साथ ही विद्यार्थी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु नियमावली एवं प्रवेश नीति का अवलोकन एवं प्रवेश पत्र की जानकारी वेबसाईट एकलव्य डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर किया जा सकता है।

### स्कूली छात्रों की हुई चेकिंग

**भिलाई।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने केपीएस स्कूल में ट्रैफिक पुलिस ने छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी है। साथ ही नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर उनका चालान भी काटा है। ट्रैफिक टीआई पीडी चंद्रा ने बताया कि अभियान के तहत जो वाहन चालक हेलमेट और सीट बेल्ट का पालन कर रहे हैं, उन्हें ट्रैफिक पुलिस द्वारा गुलाब का फूल भेंट कर प्रोत्साहित किया जा रहा है। नगर के बाहर बिना हेलमेट दोपहिया वाहन लेकर पहुंचे स्कूली बच्चों के लाइसेंस भी चेक किए गए हैं। इस तरह का अभियान आगे शहर के अन्य स्कूलों के बाहर भी चलाया जाएगा।

**धान खरीदी : उच्च अधिकारियों के निर्देश पर अमल नहीं**

# धान खरीदी में प्रशासनिक आदेशों का उल्लंघन, मिलरों में विवाद की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद





धान खरीदी में लगातार प्रशासन के आदेशो का उल्लंघन हो रहा है। लगातार निरीक्षण के बाद भी मैदानी अमला शासन प्रशासन की मंशा अनुरूप कार्य नही कर रहे है। जिससे मिलरों में विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है।

समितियो के प्रबंधको एवं प्राधिकृत अधिकारियो ने चर्चा में बताया कि धान खरीदी के पूर्व प्रशासन ने जिला स्तरीय बैठक में समस्त समिति प्रबंधको व प्राधिकृत अधिकारियो की बैठक में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि मोटा, पतला धान के साथ महामाया, सरोना, आरबी गोल्ड जैसी किस्मो के धान का अलग से स्टेक लगाया जाए। किन्तु कुछ समितियो में ही इसका पालन हो रहा है। बहुसंख्यक समितियों में इसका पालन नही हो रहा है।

बता दे कि यहां जिला स्तर पर प्रत्येक समिति में एक नोडल अधिकारी नियुक्त है। तहसीलदार, एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ स्तर के अधिकारी लगातार समितियों में निरीक्षण कर रहे है, लेकिन कभी किसी अधिकारी ने उच्च अधिकारी के निर्देशों को अमल में लाने की कोई सार्थक पहल नही की। बताया जा रहा है कि धान की किस्मो को लेकर अरवा मिलरो मे होड़ लगी रहती है। उनके मध्य कई बार विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। हालांकि समितियां विवादों से इंकार कर रही है।

सेवा सहकारी समिति सोरर मे जानकारी ली गई तो वहां मोटा, पतला व सरोना का ही स्टेक बनाया गया। आरबी गोल्ड व अन्य किस्मों का स्टेक अलग नही बनाया गया। सोरर समिति में ही धान की किस्म को लेकर मिलरो के मध्य विवाद होने की भी जानकारी मिली है। यहां समिति प्रबंधक सुमन साहू ने कहा हमने सभी को मोटा किस्म से लेकर मिक्स स्टेक लगाया है, हमे आदेश की जानकारी नही है। यहां विवाद की स्थिति नही है। सेवा सहकारी समिति करहीभदर मे आरबी गोल्ड का मात्र 1500 कट्टा का स्टेक पृथक से होना बताया गया। बाद में सभी को एक साथ मिलाकर रख दिया गया। यहां समिति प्रबंधक लोकनाथ साहू कहते है यह संभव नही है। परिवहन नही होने के कारण सबको एक साथ स्टेक लगा दिया गया है।

सेवा सहकारी समिति सांकरा में तो पूरी तरह मनमानी चल रही है। यहां खरीदी के साथ परिवहन भी हो रहा है, लेकिन आरंभ से ही यहां सभी किस्मो को मिलाकर स्टेक लगाया जा रहा हैं, यहां समिति प्रबंधक प्रकाश ने कहा हम आरंभ से ही सभी किस्मो को एक साथ स्टेक लगा रहे है। सांकरा क में प्राधिकृत अधिकारी यशवंत सिन्हा ने कहा सभी मोटा किस्म को एक स्टेक लगा रहे है।

सभी से उच्च अधिकारी के आदेश पर अमल नही करने का कारण पूछा गया तो सभी ने चुप्पी साध गए।

मामले में जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर ने कहा हमने किस्मों के अनुसार स्टेक लगाने कहा था, मै मामले की जांच करवाता हूं एवं तुरंत किस्मो के अनुसार धान का स्टेक लगाने का निर्देश करता हूं।

## ग्राम सोरर में 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण प्रारंभ



**गुरूर।** मनरेगा मजदूरों को कौशल विकास, प्रोजेक्ट उन्नति के तहत 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा और जिला पंचायत सीईओ सुनील चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में जिले में मनरेगा श्रमिकों के कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रोजेक्ट उन्नति के तहत मनरेगा में 60 दिवस का कार्य पूर्ण कर चुके मजदूरों के लिए राजमिस्त्री मेसन प्रशिक्षण का शुभारंभ ग्राम पंचायत सोरर गुरूर में किया गया है।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मनरेगा श्रमिकों को तकनीकी क्षमता प्रदान कर उन्हें स्वावलंबी बनाना और निर्माण कार्यों में कुशल मानव संसाधन तैयार करना है। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को पीएम आवास एवं मनरेगा कार्यों के अंतर्गत बनने वाले आवासों और संरचनाओं के निर्माण में प्रयोग होने वाली तकनीकें जैसे ईंट जोड़ाई, सीमेंट–रेत मिश्रण का अनुपात, प्लास्टरिंग, लेवलिंग और निर्माण से जुड़ी सुरक्षा विधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षक श्रमिको को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान कर रहे हैं। कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा ने बताया कि प्रोजेक्ट उन्नति से ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी और आने वाले समय में स्थानीय निर्माण कार्यों के लिए कुशल श्रमिकों की उपलब्धता भी बढ़ेगी। अधिकारी ने यह भी कहा कि प्रशिक्षण पूरा करने वाले श्रमिकों को रोजगार के अधिक अवसर प्राप्त होंगे, जिससे उनके आर्थिक स्तर में सुधार होगा।

ग्राम पंचायत सोरर प्रशिक्षण में श्रमिक लालकृष्ण, उमेश, डोमेश, पोषण, मुरारी, खिलावन, सूरज, गिरधारी, तेजीन, कुलेशा, ऋतु, सुरेखा, सेवती, छन्नी, सेवती, भानुप्रिया, चमनलता, वंदना, तोषण कार्यक्रम के प्रति उत्साहित हैं और इसे अपने भविष्य के लिए अत्यंत लाभदायक मान रहे हैं।

## राष्ट्रीय राजमार्ग 930 में गड्ढे राहगीरों के लिए जानलेवा, निर्माण एजेंसी की अनदेखी

**वकील का पैर टूटा, आक्रोश में ग्रामीण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर



राष्ट्रीय राजमार्ग 930 में ग्राम कुलिया के पास स्थित देवरानी जेठानी नाला में उच्च स्तरीय पुल बनाया जा रहा है। कार्य के दौरान बीती मंगलवार को निर्माण एजेंसी द्वारा मुख्य सड़क जिस पर वर्तमान में आवागमन हो रहा है वहां किनारे पर लंबा गड्ढा खोद दिया गया है।

गड्ढा के दोनों ओर विभाग के लोगों ने सूचना बोर्ड भी नहीं लगाया है। यहां तक बेरीकेटिंग भी नहीं की गई है। यह गड्ढा राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। इस गड्ढे के कारण बीते मंगलवार को अनुभागीय कार्यालय गुरुर के एक वकील गिरकर घायल हो गए है। उनका पैर टूट गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अब वकील ठेकेदार के खिलाफ न्यायालय मे जाने की तैयारी कर रहा है। आरोप है कि राहगीरों ने ठेकेदार के लोगों को सूचना बोर्ड लगाने एवं बेरीकेटिंग करने कहा, लेकिन ठेकेदार के लोगों ने राहगीरों की नहीं सुनी। मंगलवार को ही इसी गड्ढे से गुरुर नगर के एक किसान भी फंसकर गिर गए। गनीमत रही कि उन्हें शारीरिक नुकसान नहीं हुआ, लेकिन उनकी दो पहिया क्षतिग्रस्त हो गई।

## कुम्हली शाला के छन्नूलाल विनोबा एप टीम में चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर



विनोबा एप टीम में कुम्हली शासकीय प्राथमिक शाला के हेडमास्टर छन्नूलाल साहू को उनके मूलभूत भारतीय संस्कृति से बच्चों को ओतप्रोत कराते हुए आधुनिक शिक्षा को समावेश कराने की नायब तरीकों के कारण शामिल होने का अवसर मिला।

विदित हो कि दुर्ग जिले से मात्र तीन और छत्तीसगढ़ से कुल 20 शिक्षकों का चयन हुआ था, बच्चो की भी सहभागिता रही। जिसमें हेडमास्टर छन्नूलाल साहू कुम्हली का चयन क्षेत्र को गौरांवित किया। कुम्हली मिडिल प्राथमिक स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित कर एप टीम के प्रतिनिधियो ने को सम्मानित किए। सम्मान समारोह में छन्नूलाल साहू ने कहा कि शिक्षक यू ही राष्ट्र निर्माता के पद को सुशोभित नहीं कर सकता, जब तक वह अतीत के आईने में वर्तमान को पिरोकर शिष्यों का भविष्य संवारने की क्षमता अपने अंदर विकसित नहीं कर सकता, शिष्यों को अर्जुन, डा कलाम, रामानुजन, जैसे महान विभूति बनाने की दिशा में सार्थक पहल करते हुए भारत की संस्कृति में चमक पैदा कर बच्चों को होनहार नागरिक बनाना प्रथम प्राथमिक कर्तव्य होता है। उन्होंने अपने शैक्षिक अनुसंधान के आधार पर हिन्दी और अंग्रेजी रीडिंग को तेज धार देने में सफलता हासिल किया। विद्यालय के कक्षा चौथी एवं पांचवीं के बच्चे हिन्दी को 180 शब्द प्रति मिनट एवं अंग्रेजी भाषा मे 160 शब्द प्रति मिनट की गति से पढ़ने मे सक्षम हो गए। मिडिल हेडमास्टर प्रभा सिंह ने कहा कि विकास खंड पाटन से शिक्षक छन्नूलाल साहू को बोलेगा बचपन कार्यक्रम मे अपने कार्यकुशलता एवं अनुभव का आदान प्रदान करने का प्रतिनिधत्व मिला। सत्र 2024 मे समग्र शिक्षा के मासिक क्रियात्मक अनुसंधान को प्रोत्साहित करने वाली पत्रिका चर्चा पत्र मे चिट्ठी पत्री लेखन के माध्यम से बच्चों के शैक्षिक विकास के लिए स्थान प्राप्त हुआ था। विगत दो वर्षो से दिपावली महोत्सव का एकीकृत एकदिवसीय आयोजन करा चुके हैं, इससे बच्चों को भारतीय संस्कृति सभ्यता एवं छतीसगढ़ी आदिवासी संस्कृति का बहुत गहरी समझ विकसित हुई। छन्नूलाल साहू द्वारा विद्यालय मे लगभग सभी महापुरुषों की जयंती, पर्वो को आयोजित कर छात्रें के सर्वांगीण विकास मे तत्पर रहने मे गहरी रुचि लेते हैं। देवार समुदाय के बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़े रखने के लिए प्रतिदिन मुहल्ला भ्रमण कर देवार बच्चों को स्कूल तक लाने का कार्य शिक्षक द्वारा किए गए हैं।

विकास खंड शिक्षा अधिकारी डालेन्द्र देवांगन ने छन्नूलाल साहू को फोन पर कहा कि आपका शिक्षा और छात्र से प्रति समर्पण भाव हजारों छात्रें को प्रेरित करने एवं उनके उज्जवल भविष्य को दिशा देने मे अत्यंत मददगार साबित होगा। सोनाली कुलकर्णी की ओर से उनके टीम के जिला समन्वयक सौरभ साहू एवं संभागीय समन्वयक हेमंत साहू ने स्मृति भेंट लेकर विद्यालय तक आए थे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षिका सीमा चंद्राकर, यशोदा नायक, अनेश्वर चंद्राकर, हुषनलाल चंद्राकर उपस्थित थे।

## आलबरस में विधि-विधान से हुई सत्यनारायण पूजा



**अंडा।** ग्राम पंचायत आलबरस में भगवान सत्यनारायण स्वामी की पूजा पूरे विधि-विधान एवं श्रद्धा भाव से संपन्न हुई। पूजा-अर्चना का कार्य आचार्य अजय शर्मा के द्वारा कराया गया, जिसमें ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई।

इस धार्मिक आयोजन में गांव की माताएं-बहनें, बुजुर्गजन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। विशेष रूप से सोनू देशमुख, ग्राम पंचायत के सभी पंचगण, उपसरपंच नंदू राम देशमुख, ग्राम के सरपंच सैनिक भुवन लाल देशमुख, सचिव, निकुम के सरपंच भगवत सिंह पटेल एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। पूजा के दौरान गांव की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की गई। भक्ति पूर्ण वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम से पूरे ग्राम में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। अंत में ग्राम पंचायत आलबरस की ओर से पूजा आयोजन में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों के प्रति हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

## ग्राम ओडारसकरी में चावल उत्सव और प्रधानमंत्री आवास योजना का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा



ग्राम पंचायत ओडारसकरी में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चावल उत्सव एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (जी. राम जी आवास योजना) के अंतर्गत हितग्राहियों के साथ उत्सवपूर्वक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पात्र हितग्राहियों को चावल वितरण किया गया तथा आवास योजना से जुड़े लाभों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच अनिल सोनी, सचिव होरी लाल, पंच भोला राम साहू, ग्राम रोजगार सहायक प्रभा, ऑपरेटर विद्यासागर सहित बड़ी संख्या में आवास योजना के हितग्राही एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सरपंच अनिल सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं गरीब, किसान एवं जरूरतमंद परिवारों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए समर्पित हैं। चावल उत्सव के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है, वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना से हर पात्र परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को योजनाओं की प्रक्रिया, पात्रता एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित ग्रामीणों ने शासन की योजनाओं की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। इस आयोजन से ग्राम पंचायत ओडारसकरी में उत्साह का माहौल देखने को मिला और ग्रामीणों में सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ी।



## दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज का 14वां वार्षिक अधिवेशन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई बालोद का 14 वां वार्षिक अधिवेशन उत्सव आयोजित किया गया। जिसमें भवन में लगाए जाने वाले पेवर ब्लाक टाइल्स का भूमिपूजन जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख के द्वारा किया गया। इस अवसर पर भवन निर्माण के लिए सासंद भोजराज नाग के द्वारा 10 लाख रुपए देने की घोषणा उनके प्रतिनिधि सुरेन्द्र देशमुख के द्वारा किया गया। नगर पालिका के अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी एवं पार्षदों द्वारा नगर के कुर्मी भवन में बोर की घोषणा की गई। दानदाताओं में से नाड़ी वैद्य बिरेंद्र देशमुख, सदस्य जनपद पंचायत बालोद दयमंती हरदेल एवं समाज के सदस्य दरबारी लाल देशमुख ने सहयोग राशि समाज को प्रदान किया। इस अवसर पर दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज छग केंद्रीय अध्यक्ष योगेंद्र बेलचंदन केंद्रीय एवं सर्किल पदाधिकारियों तथा नगर के समाजिक एवं मातृ शक्ति उपस्थित थे।

### वीबी-जी राम जी जनजागरण अभियान को लेकर भाजपा की प्रेस वार्ता 8 को

**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन उपाध्यक्ष, पूर्व विधायक, धमतरी रंजना साहू व भाजपा प्रदेश संगठन उपाध्यक्ष सतिश लाठिया वीबी जी राम जी जनजागरण अभियान के विषय में 8 जनवरी को जिला भाजपा कार्यालय जुंगेरा में दोपहर 12 बजे प्रेस वार्ता लेंगे। साथ ही बालोद जिले के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख उपस्थित रहेंगे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## एथलेटिक्स क्लब आमटी (निकुम) में खेल ग्राउंड का हुआ उद्घाटन, खिलाड़ियों में दिखा उत्साह



**अंडा।** ग्राम आमटी (निकुम) स्थित एथलेटिक्स क्लब में आज नवनिर्मित खेल ग्राउंड का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर ग्राम की सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी, निखिल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, क्लब से जुड़े खिलाड़ी एवं बच्चों के माता–पिता उपस्थित रहे।

उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को भी मजबूत करता है। गांव में खेल ग्राउंड के निर्माण से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और बच्चे खेलों के प्रति अधिक प्रेरित होंगे। एथलेटिक्स क्लब आमटी (निकुम) के प्रशिक्षकों रूपेंद्र साहू, टेमन यादव और नवीन यदु के मार्गदर्शन में क्लब के खिलाड़ी विभिन्न एथलेटिक्स विधाओं में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान कोचों और समस्त खिलाड़ी बंधुओं का भी सम्मान किया गया। ग्राउंड के उद्घाटन से गांव के बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में इससे क्षेत्र से राज्य और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलेंगे।

